**SET-1**

**Series ZZYY1/2**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/2/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **21 + 1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **21** printed pages +**1** Map.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **37** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **छः** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ, ङ** एवं **च** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **21** से **24** अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **25** से **29** तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** शब्दों में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **30** से **33** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों में लिखिए ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** से **36** केस-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के साथ 3 – 3 उप-प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है ।*

*(viii)* ***खण्ड च** में प्रश्न संख्या **37** मानचित्र-आधारित है । यह प्रश्न **5** अंक का है, जो कि इतिहास से **(37(क)** – **2** अंक) तथा भूगोल (**37(ख)** – **3** अंक) से संबंधित है ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से **केवल एक ही विकल्प** का उत्तर लिखिए ।*

*(x)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)** *(20×1=20)*

**1.** 1815 में नेपोलियन की हार के बाद यूरोपीय सरकारें निम्नलिखित में से किस भावना से प्रेरित थीं ?

(a) समाजवाद

(b) रूढ़िवाद

(c) उदारवाद

(d) रूमानीवाद

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This questions paper contains **37** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper comprises **six** sections – **Sections A, B, C, D, E** and **F**.*

*(iii)* ***Section A** – Questions no. **1** to **20** are MCQs of **1** mark each.*

*(iv)* ***Section B** – Questions no. **21** to **24** are very short answer type questions, carrying **2** marks each. Answer to each question should not exceed **40** words.*

*(v)* ***Section C** – Questions no. **25** to **29** are short answer type questions, carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **60** words.*

*(vi)* ***Section D** – Questions no. **30** to **33** are long answer type questions, carrying **5** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

*(vii)* ***Section E** – Questions no. **34** to **36** are case-based questions with three sub-questions and are of **4** marks each.*

*(viii)* ***Section F** – Question no. **37** is map-based, carrying **5** marks with two parts, **37(a)** from History (**2** marks) and **37(b)** from Geography (**3** marks).*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. **Only one of the choices** in such questions has to be attempted.*

*(x)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A
### (Multiple Choice Questions) *(20×1=20)*

**1.** Which one of the following ideologies were the European Governments driven by after the defeat of Napoleon in 1815 ?

(a) Socialism

(b) Conservatism

(c) Liberalism

(d) Romanticism

**2.** प्रथम विश्व युद्ध में केंद्रीय शक्तियों से संबंधित निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) जर्मनी, ऑस्ट्रिया-हंगरी और ऑटोमन तुर्की

(b) ब्रिटेन, फ्रांस और रूस

(c) इटली, जापान और रूस

(d) फ्रांस, ऑस्ट्रिया-हंगरी और चीन

**3.** 1920 के दशक में निम्नलिखित में से किस देश की महत्त्वपूर्ण विशेषता 'बृहत् उत्पादन' का चलन थी ?

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) पोलैंड

(c) फ्रांस (d) जापान

**4.** नीचे दिए गए चित्र को देखिए । चित्र में दिए गए वरिष्ठ साहित्यकार के नाम को पहचानिए और सही विकल्प का चयन कीजिए ।



विकल्प :

(a) राम मोहन रॉय (b) राजा रवि वर्मा

(c) लक्ष्मीनाथ बेज़बरुवा (d) गंगाधर भट्टाचार्य

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **4** के स्थान पर है ।*

निम्नलिखित में से कौन 'गुलामगिरी' के लेखक हैं ?

(a) डॉ. बी.आर. अंबेडकर (b) ई.वी. पेरियार

(c) ज्योतिबा फुले (d) राम मोहन रॉय

2. Choose the correct option from the following regarding Central Powers in the First World War :

(a) Germany, Austria-Hungary and Ottoman Turkey
(b) Britain, France and Russia
(c) Italy, Japan and Russia
(d) France, Austria-Hungary and China

3. In which one of the following countries was 'mass production' an important feature in the 1920s ?

(a) United States of America (b) Poland
(c) France (d) Japan

4. Look at the picture given below. Identify the name of the senior litterateur shown in the image and choose the correct option.



Options :

(a) Ram Mohan Roy (b) Raja Ravi Verma
(c) Lakshminath Bezbaruah (d) Gangadhar Bhattacharya

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***4****.*

Who among the following is the writer of 'Gulamgiri' ?

(a) Dr. B.R. Ambedkar (b) E.V. Periyar
(c) Jyotiba Phule (d) Ram Mohan Roy

5. निम्नलिखित में से कौन-सी मृदा उच्च तापमान और अत्यधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में विकसित होती है ?

(a) लाल और पीली (b) काली

(c) जलोढ (d) लेटराइट

6. दो कथन, अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में दिए गए हैं । दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए ।

*अभिकथन (A) :* कृषि तथा उद्योग एक-दूसरे के पूरक हैं ।

*कारण (R) :* देश में औद्योगिक विकास बेरोज़गारी तथा ग़रीबी उन्मूलन की आवश्यक शर्त है ।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

7. *स्तम्भ I* का मिलान *स्तम्भ II* से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए ।

| | *स्तम्भ I* *(पत्तन)* | | *स्तम्भ II* *(प्रकार)* |
|---|---|---|---|
| i. | कांडला | 1. | नदीय पत्तन |
| ii. | मुंबई | 2. | स्थल से घिरा गहरा पत्तन |
| iii. | विशाखापटनम | 3. | बृहत्तम पत्तन |
| iv. | कोलकाता | 4. | स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विकसित पत्तन |

विकल्प :

(a) i – 4, ii – 3, iii – 2, iv – 1

(b) i – 2, ii – 1, iii – 3, iv – 4

(c) i – 2, ii – 4, iii – 1, iv – 3

(d) i – 1, ii – 2, iii – 4, iv – 3

5. Which one of the following soils develops in an area with high temperature and heavy rainfall ?

(a) Red and Yellow (b) Black

(c) Alluvial (d) Laterite

6. There are two statements given as Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option.

*Assertion (A) :* Agriculture and industry move hand in hand.

*Reason (R) :* Industrial development is a precondition for eradication of unemployment and poverty from the country.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

7. Match *Column I* with *Column II* and choose the correct option.

| | *Column I* *(Port)* | | *Column II* *(Type)* |
|---|---|---|---|
| i. | Kandla | 1. | Riverine port |
| ii. | Mumbai | 2. | Deepest landlocked port |
| iii. | Visakhapatnam | 3. | Biggest port |
| iv. | Kolkata | 4. | Port developed after independence |

Options :

(a) i – 4, ii – 3, iii – 2, iv – 1

(b) i – 2, ii – 1, iii – 3, iv – 4

(c) i – 2, ii – 4, iii – 1, iv – 3

(d) i – 1, ii – 2, iii – 4, iv – 3

8. दो कथन, अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में दिए गए हैं । दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए ।

*अभिकथन (A) :* बेल्जियम ने अपने संविधान में चार बार संशोधन किए ।

*कारण (R) :* संशोधन सभी को एक ही देश में एक साथ रहने में सक्षम बनाने के लिए थे ।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

9. निम्नलिखित में से कौन-सा 'साथ आकर संघ' बनाने का उदाहरण है ?

(a) भारत
(b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) बेल्जियम
(d) स्पेन

10. *स्तम्भ I* का मिलान *स्तम्भ II* से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए ।

| | *स्तम्भ I* | | *स्तम्भ II* |
|---|---|---|---|
| i. | संघ सूची | 1. | कृषि |
| ii. | राज्य सूची | 2. | कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर |
| iii. | समवर्ती सूची | 3. | बैंकिंग |
| iv. | बाकी बचे विषय | 4. | शिक्षा |

विकल्प :

(a) i – 3, ii – 1, iii – 4, iv – 2
(b) i – 4, ii – 3, iii – 2, iv – 1
(c) i – 2, ii – 4, iii – 3, iv – 1
(d) i – 1, ii – 2, iii – 3, iv – 4

11. निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसमें सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागेदारी अधिकतम है ?

(a) नॉर्डिक देश
(b) अरब मुल्क
(c) यूरोपीय देश
(d) एशियाई देश

8. There are two statements given as Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option.

*Assertion (A) :* Belgium amended their constitution four times.

*Reason (R) :* Amendments were to enable everyone to live together in the same country.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

9. Which one of the following is an example of 'coming together federation' ?

(a) India (b) USA

(c) Belgium (d) Spain

10. Match *Column I* with *Column II* and choose the correct option.

| | *Column I* | | *Column II* |
|---|---|---|---|
| i. | Union List | 1. | Agriculture |
| ii. | State List | 2. | Computer Software |
| iii. | Concurrent List | 3. | Banking |
| iv. | Residuary Subjects | 4. | Education |

Options :

(a) i – 3, ii – 1, iii – 4, iv – 2 (b) i – 4, ii – 3, iii – 2, iv – 1

(c) i – 2, ii – 4, iii – 3, iv – 1 (d) i – 1, ii – 2, iii – 3, iv – 4

11. In which one of the following regions is the participation of women in public life the highest ?

(a) Nordic countries (b) Arab states

(c) European countries (d) Asian countries

12. निम्नलिखित राज्यों में से कौन-सा क्षेत्रीय दल द्वारा शासित है ?

(a) हरियाणा (b) मध्य प्रदेश

(c) ओडिशा (d) राजस्थान

13. निम्नलिखित देशों में से किसने बहुदलीय व्यवस्था को अपनाया है ?

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) भारत

(c) चीन (d) यूनाइटेड किंगडम

14. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए ।

विश्व बैंक द्वारा देशों की तुलना करने के लिए उनकी ___________ सबसे महत्त्वपूर्ण विशिष्टता समझी जाती है ।

(a) शिक्षा (b) आय

(c) स्वास्थ्य स्तर (d) जीवन स्तर

15. दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लिखिए :

*वर्ष 2019 के लिए भारत और उसके पड़ोसी देशों के कुछ आँकड़े*

| देश | सकल राष्ट्रीय आय (स.रा.आ.) प्रति व्यक्ति अमेरिकी डॉलर में (2011 क्रय शक्ति क्षमता) | जन्म के समय संभावित आयु | विद्यालयी औसत आयु 25 वर्ष या उससे अधिक | विश्व में मानव विकास सूचकांक (HDI) का क्रमांक (2018) |
|---|---|---|---|---|
| श्रीलंका | 12,707 | 77 | 10·6 | 73 |
| भारत | 6,681 | 69·7 | 6·5 | 130 |
| म्यांमार | 4,961 | 67·1 | 5·0 | 148 |
| पाकिस्तान | 5,005 | 67·3 | 5·2 | 154 |
| नेपाल | 3,457 | 70·8 | 5·0 | 143 |
| बांग्लादेश | 4,976 | 72·6 | 6·2 | 134 |

निम्नलिखित देशों में से किसका 'मानव विकास सूचकांक (HDI)' का स्तर सर्वाधिक है ?

(a) भारत (b) बांग्लादेश

(c) श्रीलंका (d) नेपाल

12. Which of the following States is ruled by a regional party ?

(a) Haryana (b) Madhya Pradesh

(c) Odisha (d) Rajasthan

13. Which one of the following countries adopted multi-party system ?

(a) USA (b) India

(c) China (d) United Kingdom

14. Choose the correct option to fill in the blank.

For comparing countries, their __________ is considered to be one of the most important attributes by the World Bank.

(a) Education (b) Income

(c) Health Status (d) Living Standard

15. Study the given table and answer the question that follows :

*Some data regarding India and its Neighbours for 2019*

| Country | Gross National Income (GNI) per capita (2011 PPP $) | Life Expectancy at birth | Mean Years of Schooling of People aged 25 and above | HDI Rank in the world (2018) |
|---|---|---|---|---|
| Sri Lanka | 12,707 | 77 | 10·6 | 73 |
| India | 6,681 | 69·7 | 6·5 | 130 |
| Myanmar | 4,961 | 67·1 | 5·0 | 148 |
| Pakistan | 5,005 | 67·3 | 5·2 | 154 |
| Nepal | 3,457 | 70·8 | 5·0 | 143 |
| Bangladesh | 4,976 | 72·6 | 6·2 | 134 |

Which of the following countries has the highest level of 'Human Development Index (HDI)' ?

(a) India (b) Bangladesh

(c) Sri Lanka (d) Nepal

16. प्राकृतिक उत्पादों को अन्य रूपों में परिवर्तित किया जाना कहलाता है :

(a) प्राथमिक उत्पाद (b) द्वितीयक उत्पाद

(c) तृतीयक उत्पाद (d) चतुर्थक उत्पाद

17. निम्नलिखित में से कौन-सी असंगठित क्षेत्रक की एक विशेषता है ?

(a) रोज़गार की अवधि नियमित होती है ।

(b) लोगों के पास सुनिश्चित काम होता है ।

(c) उनकी कुछ औपचारिक प्रक्रिया एवं कार्यविधि है ।

(d) नियम और विनियम होते हैं परन्तु उनका पालन नहीं होता है ।

18. निम्नलिखित में से कौन-सी आधुनिक रूप की करेंसी है ?

(a) कागज के नोट (b) सोने के सिक्के

(c) चाँदी के सिक्के (d) ताँबे के सिक्के

19. निम्नलिखित शहरी परिवारों का कौन-सा वर्ग औपचारिक क्षेत्रक से ऋण का अधिकतम प्रतिशत प्राप्त करता है ?

(a) ग़रीब परिवार (b) कम परिसंपत्ति वाले परिवार

(c) समृद्ध परिवार (d) अमीर परिवार

20. निम्नलिखित में से कौन-सी वैश्वीकरण की एक चुनौती है ?

(a) नए बाज़ारों तक पहुँच

(b) नई प्रतिभा तक पहुँच

(c) अंतर्राष्ट्रीय भर्ती होना

(d) अनुपातहीन वृद्धि होना

**16.** Natural products being changed into other forms is known as :

(a) Primary product (b) Secondary product

(c) Tertiary product (d) Quarternary product

**17.** Which one of the following is a feature of the unorganized sector ?

(a) Terms of employment are regular.

(b) People have assured work.

(c) They have some formal processes and procedures.

(d) There are rules and regulations but not followed.

**18.** Which one of the following is the modern form of currency ?

(a) Paper notes (b) Gold coins

(c) Silver coins (d) Copper coins

**19.** Which one of the following categories of urban households take the highest percentage of loan from the formal sector ?

(a) Poor households (b) Households with few assets

(c) Well-off households (d) Rich households

**20.** Which one of the following is a challenge of Globalisation ?

(a) Access to New Markets

(b) Access to New Talent

(c) International Recruitment

(d) Disproportionate Growth

## खण्ड ख

### (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न) *(4×2=8)*

**21.** (क) इटली के प्रदेशों को एकीकृत करने वाले आंदोलन के नेतृत्वकर्ता मुख्य मंत्री कावूर की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान यूरोप में उदारवादी राष्ट्रवाद के विचारों की परख कीजिए । *2*

**22.** भारत में वन्यजीव संरक्षण के लिए किन्हीं दो उपायों का सुझाव दीजिए । *2×1=2*

**23.** 1956 में श्रीलंकाई तमिलों की नाराजगी क्यों बढ़ गई ? स्पष्ट कीजिए । *2*

**24.** "ऋण कर्जदार को ऐसी परिस्थिति में धकेल देता है, जहाँ से बाहर निकलना काफी कष्टदायक है ।" इस कथन की परख कीजिए । *2*

## खण्ड ग

### (लघु-उत्तरीय प्रश्न) *(5×3=15)*

**25.** (क) यूरोप में मुद्रण किस प्रकार अस्तित्व में आया ? व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) किताबों तक पहुँच आसान होने से किस प्रकार पढ़ने की एक नई संस्कृति विकसित हुई ? व्याख्या कीजिए । *3*

**26.** "ऊर्जा सभी क्रियाकलापों के लिए आवश्यक है ।" इस कथन की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । *3*

**27.** भारत में महिलाओं की साक्षरता दर बढ़ाने के तीन उपाय सुझाइए । *3×1=3*

**28.** प्राथमिक एवं द्वितीयक क्षेत्रक में उदाहरणों सहित अंतर स्पष्ट कीजिए । *3*

**29.** भारत में तृतीयक क्षेत्रक के बढ़ते महत्त्व की परख कीजिए । *3*

## खण्ड घ

### (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न) *(4×5=20)*

**30.** (क) सविनय अवज्ञा आंदोलन में व्यवसायी वर्गों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) सविनय अवज्ञा आंदोलन में महिलाओं की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । *5*

**31.** (क) भारत में आरंभिक जीविका निर्वाह और वाणिज्यिक कृषि की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *2+3=5*

**अथवा**

(ख) भारत में गहन जीविका एवं रोपण कृषि की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *2+3=5*

## SECTION B

**(Very Short Answer Type Questions)** *(4×2=8)*

**21.** (a) Analyse the role of Chief Minister Cavour who led the movement to unite the regions of Italy. *2*

**OR**

(b) Examine the ideas of liberal nationalism in Europe during the nineteenth century. *2*

**22.** Suggest any two ways to conserve wildlife in India. *2×1=2*

**23.** Why did the feeling of alienation increase among the Sri Lankan Tamils in 1956 ? Explain. *2*

**24.** "Credit pushes the borrower into a situation from which recovery is painful." Examine the statement. *2*

## SECTION C

**(Short Answer Type Questions)** *(5×3=15)*

**25.** (a) How did print come into existence in Europe ? Explain. *3*

**OR**

(b) How did access to books create a new culture of reading ? Explain. *3*

**26.** "Energy is required for all activities." Explain the statement with examples. *3*

**27.** Suggest three steps to enhance the literacy rate among women in India. *3×1=3*

**28.** Differentiate between primary and secondary sectors with examples. *3*

**29.** Examine the rising importance of the tertiary sector in India. *3*

## SECTION D

**(Long Answer Type Questions)** *(4×5=20)*

**30.** (a) Analyse the role of the business classes in Civil Disobedience Movement. *5*

**OR**

(b) Analyse the role of women in Civil Disobedience Movement. *5*

**31.** (a) Explain the features of primitive subsistence and commercial farming in India. *2+3=5*

**OR**

(b) Explain the features of intensive subsistence and plantation farming in India. *2+3=5*

**32.** (क) उन परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिए जिनमें लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाएँ सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य स्थापित करती हैं । *5*

**अथवा**

(ख) उन परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिए जिनमें लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाएँ नागरिकों की गरिमा और आज़ादी को बढ़ावा देती हैं । *5*

**33.** (क) बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ किस प्रकार विश्वभर के उत्पादन को एक-दूसरे से जोड़ती हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा किए गए किन्हीं पाँच उपायों की व्याख्या कीजिए । *5×1=5*

## खण्ड ङ

## (केस-आधारित प्रश्न) *(3×4=12)*

**34.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

पहले विश्व युद्ध तक औद्योगिक विकास धीमा रहा । युद्ध ने एक बिलकुल नई स्थिति पैदा कर दी थी । ब्रिटिश कारखाने सेना की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए युद्ध संबंधी उत्पादन में व्यस्त थे इसलिए भारत में मैनचेस्टर के माल का आयात कम हो गया । भारतीय बाज़ारों को रातोंरात एक विशाल देशी बाज़ार मिल गया । युद्ध लंबा खिंचा तो भारतीय कारखानों में भी फ़ौज के लिए जूट की बोरियाँ, फ़ौजियों के लिए वर्दी के कपड़े, टेंट और चमड़े के जूते, घोड़े व खच्चर की जीन तथा बहुत सारे अन्य सामान बनने लगे । नए कारखाने लगाए गए । पुराने कारखाने कई पालियों में चलने लगे । बहुत सारे नए मज़दूरों को काम पर रखा गया और हरेक को पहले से भी ज़्यादा समय तक काम करना पड़ता था । युद्ध के दौरान औद्योगिक उत्पादन तेज़ी से बढ़ा ।

युद्ध के बाद, भारतीय बाज़ार में मैनचेस्टर को पहले वाली हैसियत कभी हासिल नहीं हो पायी । युद्ध के बाद आधुनिकीकरण न कर पाने और अमेरिका, जर्मनी व जापान के मुकाबले कमजोर पड़ जाने के कारण ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी । कपास का उत्पादन बहुत कम रह गया था और ब्रिटेन से होने वाले सूती कपड़े के निर्यात में ज़बरदस्त गिरावट आई । उपनिवेशों में विदेशी उत्पादों को हटाकर स्थानीय उद्योगपतियों ने घरेलू बाज़ारों पर क़ब्ज़ा कर लिया और धीरे-धीरे अपनी स्थिति मज़बूत बना ली ।

(34.1) भारत में मैनचेस्टर के माल का आयात कम क्यों हो गया ? *1*

(34.2) प्रथम विश्व युद्ध के बाद भारतीय बाज़ारों में मैनचेस्टर को पहले वाली हैसियत कभी क्यों हासिल नहीं हो पाई ? *1*

(34.3) प्रथम विश्व युद्ध से भारत को होने वाले किन्हीं दो लाभों का विश्लेषण कीजिए । *2×1=2*

32. (a) Analyse the conditions under which democracies accommodate social diversities. *5*

**OR**

(b) Analyse the conditions under which democracies promote dignity and freedom of citizens. *5*

33. (a) How do Multinational Corporations (MNCs) interlink production across countries ? Explain with examples. *5*

**OR**

(b) Explain any five steps taken by the Central and State Governments to attract foreign investments. *5×1=5*

## SECTION E
### (Case-Based Questions) *(3×4=12)*

34. Read the given source and answer the questions that follow :

Yet, till the First World War, industrial growth was slow. The war created a dramatically new situation. With British mills busy with war production to meet the needs of the army, Manchester imports into India declined. Suddenly, Indian mills had a vast home market to supply. As the war prolonged, Indian factories were called upon to supply war needs: jute bags, cloth for army uniforms, tents and leather boots, horse and mule saddles and a host of other items. New factories were set up and old ones ran multiple shifts. Many new workers were employed and everyone was made to work longer hours. Over the war years industrial production boomed.

After the war, Manchester could never recapture its old position in the Indian market. Unable to modernise and compete with the US, Germany and Japan, the economy of Britain crumbled after the war. Cotton production collapsed and exports of cotton cloth from Britain fell dramatically. Within the colonies, local industrialists gradually consolidated their position, substituting foreign manufacturers and capturing the home market.

(34.1) Why did Manchester imports decline in India ? *1*

(34.2) Why could Manchester never recapture its old position in the Indian market after the First World War ? *1*

(34.3) Analyse any two benefits of the First World War to India. *2×1=2*

**35.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

नदी परियोजनाओं पर उठी अधिकतर आपत्तियाँ उनके उद्देश्यों में विफल हो जाने पर हैं । यह एक विडंबना ही है कि जो बाँध बाढ़ नियंत्रण के लिए बनाए जाते हैं उनके जलाशयों में तलछट जमा होने से वे बाढ़ आने का कारण बन जाते हैं । अत्यधिक वर्षा होने की दशा में तो बड़े बाँध भी कई बार बाढ़ नियंत्रण में असफल रहते हैं । आपने पढ़ा होगा कि वर्ष 2006 में महाराष्ट्र और गुजरात में भारी वर्षा के दौरान बाँधों से छोड़े गए जल की वजह से बाढ़ की स्थिति और भी विकट हो गई । इन बाढ़ों से न केवल जान और माल का नुकसान हुआ अपितु बृहत् स्तर पर मृदा अपरदन भी हुआ । बाँध के जलाशय पर तलछट जमा होने का अर्थ यह भी है कि यह तलछट जो कि एक प्राकृतिक उर्वरक है बाढ़ के मैदानों तक नहीं पहुँचती जिसके कारण भूमि निम्नीकरण की समस्याएँ बढ़ती हैं । यह भी माना जाता है कि बहु-उद्देशीय योजनाओं के कारण भूकंप आने की संभावना भी बढ़ जाती है और अत्यधिक जल के उपयोग से जल-जनित बीमारियाँ, फ़सलों में कीटाणु-जनित बीमारियाँ और प्रदूषण फैलते हैं ।

(35.1) गुजरात में नदी परियोजना के विरुद्ध आंदोलन का नाम लिखिए । *1*

(35.2) अत्यधिक वर्षा होने की दशा में अधिकतर बड़े बाँध किस प्रकार बाढ़ नियंत्रण में असफल रहते हैं ? *1*

(35.3) बहु-उद्देशीय नदी परियोजनाओं के किन्हीं दो लाभों का विश्लेषण कीजिए । *2×1=2*

**36.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

राजनीतिक दलों का उदय प्रतिनिधित्व पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था के उभार के साथ जुड़ा है । हम पढ़ चुके हैं कि बड़े समाजों के लिए प्रतिनिधित्व आधारित लोकतंत्र की ज़रूरत होती है । जब समाज बड़े और जटिल हो जाते हैं तब उन्हें विभिन्न मुद्दों पर अलग-अलग विचारों को समेटने और सरकार की नज़र में लाने के लिए किसी माध्यम या एजेंसी की ज़रूरत होती है । विभिन्न जगहों से आए प्रतिनिधियों को साथ करने की ज़रूरत होती है ताकि एक ज़िम्मेवार सरकार का गठन हो सके । उन्हें सरकार का समर्थन करने या उस पर अंकुश रखने, नीतियाँ बनवाने और नीतियों का समर्थन अथवा विरोध करने के लिए उपकरणों की ज़रूरत होती है । प्रत्येक प्रतिनिधि-सरकार की ऐसी जो भी ज़रूरतें होती हैं, राजनीतिक दल उनको पूरा करते हैं । इस तरह हम कह सकते हैं कि राजनीतिक दल लोकतंत्र की एक अनिवार्य शर्त हैं ।

(36.1) 'राजनीतिक दल' के अर्थ को स्पष्ट कीजिए । *1*

(36.2) "राजनीतिक दलों का उदय प्रतिनिधित्व पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था के उभार के साथ जुड़ा है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । *1*

(36.3) राजनीतिक दल क्यों लोकतंत्र की एक अनिवार्य शर्त है ? स्पष्ट कीजिए । *2*

35. Read the given source and answer the questions that follow :

Most of the objections to the projects arose due to their failure to achieve the purposes for which they were built. Ironically, the dams that were constructed to control the floods have triggered floods due to sedimentation in the reservoir. Moreover, the big dams have mostly been unsuccessful in controlling floods at the time of excessive rainfall. You may have seen or read how the release of water from the dams during heavy rains aggravated the flood situation in Maharashtra and Gujarat in 2006. The floods have not only devastated life and property but also caused extensive soil erosion. Sedimentation also meant that the flood plains were deprived of silt, a natural fertiliser, further adding on to the problem of land degradation. It was also observed that the multi-purpose projects induced earthquakes, caused water-borne diseases and pests and pollution resulting from excessive use of water.

(35.1) Name the movement against the river project in Gujarat. *1*

(35.2) How have the big dams mostly been unsuccessful in controlling floods at the time of excessive rainfall ? *1*

(35.3) Analyse any two merits of multi-purpose river projects. *2×1=2*

36. Read the given source and answer the questions that follow :

The rise of political parties is directly linked to the emergence of representative democracies. As we have seen, large societies need representative democracy. As societies became large and complex, they also needed some agency to gather different views on various issues and to present these to the government. They needed some ways, to bring various representatives together so that a responsible government could be formed. They needed a mechanism to support or restrain the government, make policies, justify or oppose them. Political parties fulfil these needs that every representative government has. We can say that parties are a necessary condition for a democracy.

(36.1) Explain the meaning of a 'political party'. *1*

(36.2) "The rise of political parties is directly linked to the emergence of representative democracies." Support this statement. *1*

(36.3) Why are political parties a necessary condition for a democracy ? Explain. *2*

## खण्ड च

## (मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न) *(2+3=5)*

**37.** (क) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 23 पर), में दो स्थान A और B के रूप में दर्शाए गए हैं । निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

(i) वह स्थान जहाँ दिसम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ । *1*

(ii) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग घटना हुई । *1*

(ख) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) नोएडा – सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी पार्क

(ii) बेलाडिला – लौह-अयस्क की खानें

(iii) तारापुर – परमाणु ऊर्जा संयंत्र

(iv) हल्दिया – समुद्री पत्तन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **37** के स्थान पर हैं ।*

*किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।* *5×1=5*

(37.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ दिसम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ ।

(37.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ जलियाँवाला बाग घटना हुई ।

(37.3) भारत के कॉफी के किसी एक प्रमुख उत्पादक राज्य का नाम लिखिए ।

(37.4) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ बेलाडिला लौह-अयस्क की खानें हैं ।

(37.5) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ तारापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है ।

(37.6) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ हल्दिया समुद्री पत्तन स्थित है ।

## SECTION F

**(Map Skill Based Question)** *(2+3=5)*

**37.** (a) Two places A and B have been marked on the given political outline map of **India** (on page 23). Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them :

(i) The place where the session of the Indian National Congress was held in December, 1920. *1*

(ii) The place where Jallianwala Bagh incident occurred. *1*

(b) On the same political outline map of **India**, locate and label any ***three*** of the following with suitable symbols : *3×1=3*

(i) Noida – Software Technology Park

(ii) Bailadila – Iron-ore mines

(iii) Tarapur – Nuclear Power Plant

(iv) Haldia – Sea port

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***37****.*

*Answer any* ***five*** *questions.* *5×1=5*

(37.1) Name the place where Indian National Congress session took place in December, 1920.

(37.2) Name the place where the Jallianwala Bagh incident occurred.

(37.3) Name any one major coffee producing state of India.

(37.4) Name the state where Bailadila iron ore mines are located.

(37.5) Name the state where Tarapur nuclear power plant is located.

(37.6) Name the state where Haldia sea port is located.

प्रश्न सं. 37 के लिए

For question no. 37

